घर-घर हुई गणपति की पूजा-अर्चना, 901 किलो के लड्डू का भोग लगाया

- धूमधाम ने मनाया भगवान गणेश का जन्मोत्सव
- गणेश मंदिरों में दिनभर रही श्रद्धालुओं की भीड़

नोखा, (कासं)। गणेश मंदिर में आज गणेश जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर में सुबह से ही भक्तजनों की भीड़ लगी रही। दोपहर को गाजे बाजे के साथ जन्मोत्सव तथा आरती का पूजन पंडित अशोक महाराज के सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर महाभोग 901 किलो के मोतीचूर के लड्डू और बादाम कतली का गजानंद भगवान को अर्पित किया गया।

गजानंद भगवान को मोदक लड्डुओं का भोग लगाया गया। इस शुभ अवसर पर भक्तों का ताता लगा हुआ रहा। इस पर्व पर श्री गणेश उत्सव समिति के सभी कार्यकर्ता सेवा में लगे रहे। नोखा के तिरूपति नगर में गणेश चतुर्थी पर गणेश जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर गणेश प्रतिमा की स्थापना की गया। मीनू शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर भगवान गणेश की विशेष पूजा अर्चना की गई।

इस अवसर पर रमेश झंवर, ऋषि झंवर, महेंद्र जैन, मीनू झंवर, नमिता जैन, सोनम झंवर, ऊषा पेड़ीवाल, युवराज शर्मा, मनीष तापड़िया, जीतू तापड़िया आदि उपस्थित रहे। राजकीय प्राथमिक स्कूल उत्तरादी ढाणिया बिलनियासर के स्कूल प्रांगण में शनिवार को गणेश चतुर्थी का त्योहार उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। प्रधानाध्यापक रामकिशन गोदारा ने बताया कि भगवान गणेश की स्तुति और पूजा के बाद शुरूआत गणेश मंत्र से हुई। नन्हें मुन्ने कलाकारों ने ओ माय फ्रेंड गणेशा, तू रहना साथ हमेशा के गीत पर नृत्य प्रस्तुति देकर उपस्थित सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने मुखोटे का प्रयोग करते हुए गणपति की आकृति बनाकर कलात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। शिक्षिका सरोज बिश्नोई ने बोर्ड पर गणेशजी की सुंदर प्रतिमा बनाई। इस दौरान अध्यापिका किरण बाला, शिक्षक मुकेश चौधरी, कुक कम हेल्पर मुन्नी कंवर, रामेति सहित बड़ी संख्या में महिला अभिभावक उपस्थित रही।

बीकानेर में नत्थूसर गेट स्थित नालन्दा पब्लिक सी. सै. स्कूल के बच्चों ने अपने नन्हें हाथों से ईको फ्रेंडली मिट्टी की गणेश प्रतिमा बनाई।

नन्हें हाथों से बनाए मिट्टी के गणेश : करूणा क्लब बीकानेर इकाई के द्वारा आज नत्थूसर गेट स्थित नालन्दा पब्लिक सी. सै. स्कूल के सृजन सदन में 121 से अधिक बच्चों के द्वारा मिट्टी व गोबर से ईको फ्रेंडली भगवान गणेश की मूर्तियों का सृजन व श्रृंगार कर एक भव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार कमल रंगा ने बताया कि बच्चों के द्वारा इस प्रकार की कला का निर्माण आज के युग की महती आवश्यकता है। यह कार्यक्रम हमें आध्यात्मिकता के साथ-साथ प्रकृति के साथ भी जोडता है। आज हर बड़ा त्यौहार बड़ा खर्चीला बनता जा रहा है। बच्चों के इस प्रकार के कार्यक्रम से आज समाज को एक नई दिशा का बोध होगा। जिसमें समाज का अन्तिम पड़ाव का व्यक्ति भी हमारे तीज त्यौहार को मना सकता है और यह नालन्दा की परंपरा रही है कि वह बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ सह शैक्षणिक गतिविधयों व रोजगारमुखी कार्यक्रमों से जोड़ता है।

भगवान गणेश बुद्धि के ज्ञाता के साथ-साथ पशु पक्षी व पर्यावरण प्रेमी भी थे। तभी तो उन्होंने अपने भारी भरकम शरीर के लिए अपनी सवारी मुशक (चूहा) को बनाकर यह सिद्ध किया कि आदमी हर आवश्यकता की पूर्ति छोटी-छोटी चीजों से भी कर सकता है। इसके लिए किसी भारी वाहन या ताकत की आवश्यकता नहीं होती। इस अवसर पर शाला प्राचार्य राजेश रंगा ने बताया कि आज का यह जो कार्यक्रम है वह हमें बडी सीख देता है। अब हमें गणेश विसर्जन के लिए तालाब या नदी की आवश्यकता नहीं हम अपने घरों के आस-पास के बाग-बगीचों या घर के गमलों में भी इन मूर्तियों का विसर्जन कर सकते हैं। और पर्यावरण को भी संतुलित रख सकते हैं।

बाजार में मिलने वाली केमिकल युक्त मूर्तियां जिनको बाद में हम तालाब आदि में विसर्जन करते है। उससे जल प्रदूषण का खतरा भी मंडराता रहता है। और ये मूर्तियां हमारे भावों को दर्शाती है और बाजार में मिलने वाली मूर्तियों से लाख गुणा ज्यादा अच्छी है। करूणा क्लब प्रभारी हरिनारायण आचार्य के इस अवसर पर प्रथम व द्वितीय तृतीय के साथ-साथ सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

गणेश महोत्सव पूजा के साथ शुरू : बीकानेर में जोशीवाडा के हनुमान मंदिर में आज से 90 वां गणेश महोत्सव का आरंभ दोपहर पूजन आरती के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम से जुड़े रामेश्वर जोशी एवं रमेश आचार्य ने बताया कि आज प्रथम दिन राजेन्द्र जोशी ने सपत्नीक पूजा करवाई। इस अवसर पर मोहल्ले के गणमान्य लोग एवं पूर्व पार्षद प्रेमरतन जोशी आदि मौजूद थे।

भाजपा सदस्यता अभियान के प्रभारी नियुक्त

बीकानेर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी बीकानेर संभाग सदस्यता अभियान के प्रभारी दशरथ सिंह शेखावत के निर्देशानुसार भाजपा शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य ने सदस्यता अभियान बीकानेर शहर के प्रभारी नियुक्त किए है।

जिसमें बीकानेर पूर्व विधानसभा सत्यप्रकाश आचार्य, पश्चिम विधानसभा गोपाल गहलोत, लालगढ़ मंडल नरेश नायक, जूनागढ़ मंडल जितेंद्र राजवी, शिवबाड़ी मंडल आनंद सिंह भाटी, रानी बाजार मंडल सुशीला कंवर राजपुरोहित, गंगाशहर मंडल भगवान सिंह मेड़तिया, मुक्ताप्रसाद मंडल नारायण चौपड़ा, जस्सूसर मंडल महावीर रांका, पुराना शहर मंडल शशिकांत शर्म, नयाशहर मंडल गोकुल जोशी, गोपेश्वर मंडल बनवारी शर्मा, संयुक्त मोर्चा प्रभारी मुमताज अली भाटी, सह प्रभारी सुरेंद्र सिंह शेखावत, महिला मोर्चा इंद्रा व्यास, युवा मोर्चा भूपेन्द्र शर्मा, ओबीसी मोर्चा महावीर चारण, किसान मोर्चा सांगीलाल गहलोत, एससी मोर्चा जगदीश सोलंकी, एसटी मोर्चा अशोक मीणा, अल्पसंख्यक मोर्चा सलीम जोईया, जनप्रतिनिधि संपर्क मोहन सुराणा, वरिष्ठ कार्यकर्ता संपर्क सूरज स्वामी, संयुक्त प्रकोष्ठ प्रभारी शिवकुमार रंगा, सैनिक प्रकोष्ठ श्याम सिंह हांडला, चिकित्सा प्रकोष्ठ बाबूलाल गहलोत, पंचायती राज प्रकोष्ठ हनुमान सिंह चावड़ा, व्यापार प्रकोष्ठ दीपक पारीक, विधि प्रकोष्ठ कौशल शर्मा, खेल प्रकोष्ठ मनीष सोनी, पशुपालक प्रकोष्ठ महेश व्यास, प्रवासी प्रकोष्ठ कुणाल कोचर, सहकारिता प्रकोष्ठ कैलाश बापेउ को प्रभारी नियुक्त किया गया है।

सार-समाचार

कलेक्टर डॉ. मंजू ने पदभार संभाला

डॉ. मंजू ने गंगानगर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट का कार्यभार संभाला।

श्रीगंगानगर, (कासं)। भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी डॉ. मंजू ने शनिवार को जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्रीगंगानगर पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। शनिवार को कलक्ट्रेट पहुंचकर पदभार लेने के बाद उपस्थित अधिकारियों से जिले की कानून व्यवस्था व विकास योजनाओं और विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी ली। जिला कलेक्टर डॉ. मंजू ने जिले में चिकित्सा व्यवस्था, शिक्षा, सड़क विकास, पेयजल, कृषि, नगर परिषद, नगर विकास न्यास, पौधारोपण, पंचायती राज विभाग और मनरेगा से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने क्षेत्र में नशे की बढती प्रवृत्ति और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों पर चिकित्सा विभाग के अधिकारियों से चर्चा की। इस अवसर पर जिला परिषद के सीईओ मृदुल सिंह, नगर विकास न्यास सचिव कैलाशचंद्र शर्मा, प्रशिक्षु आईएएस रजत यादव, एसडीएम गंगानगर जीतू कुलहरी, एसडीएम पदमपुर संदीप काकड, सीएमएचओ डॉ. अजय सिंघला, पीएमओ डॉ. दीपक मांगा, जल संसाधन विभाग के एसई धीरज चावला, पीएचईडी एसई आशीष गुप्ता, पीडब्लयूडी के पदमप्रकाश कोठारी, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सहायक निदेशक अनिल कुमार शाक्य, सहायक जनसम्पर्क अधिकारी रामकुमार राजपुरोहित, लेखाधिकारी गुरदीप चावला, निजी सहायक कृष्ण बलाना सहित अन्य मौजूद थे।

रात्रि चौपाल में सुनी समस्याएं

ग्राम पंचायत समंदसर में एडीएम प्रशासन डॉ. दुलीचंद मीणा ने रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।

बीकानेर, (कासं)। ग्राम पंचायत समन्दसर के अटल सेवा केन्द्र पर सरपंच धन्नी देवी की अध्यक्षता में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) डॉ दुलीचंद मीना ने शुक्रवार देर रात तक रात्रि चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्यारेलाल शिवरान मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की विभिन्न समस्याएं सुनी और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। ग्राम माणकरासर में दो ट्यूबवैल खराब होने की शिकायत पर उन्होंने जलदाय विभाग के सहायक अभियंता को शीघ्र खराब ट्यूबवैल सही करवाने और इसकी पालना रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। माणकरासर एवं समन्दसर की विद्युत लाइन को ठीक करने के लिए जोधपुर डिस्कॉम के सहायक अभियंता ने 10 से 15 दिवस का समय मांगा। गांववासियों द्वारा स्कूल प्रधानाचार्य के व्यवहार एवं मिड-डे-मील की शिकायत की। समस्त मामले की जांच कर रिपोर्ट भेजने के लिए सीबीईओ को निर्देश दिए। एडीएम ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की जानकारी नहीं होने एवं संस्थागत प्रसव की कमी पर विभागीय अधिकारियों के प्रति नाराजगी प्रकट की। ई-मित्र एवं आधार पंजीयन, पशुपालन, कृषि विकास तथा केन्द्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में आमजन को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देश अनुसार अधिकारी ग्रामीणों के बीच जाएं और उनकी समस्या सुनें। प्रत्येक अधिकारी को आमजन के हित से जुड़े प्रत्येक कार्य समय पर करने होंगे। इसमें किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

धूमधाम से मनाया गणेश जन्मोत्सव

हुनमानगढ़, (कासं)। जंक्शन स्थित रिद्धि-सिद्धि विनायक मंदिर में शनिवार को गणेश जन्मोत्सव के उपलक्ष में 11 दिवसीय गणेश महोत्सव की शुरूआत हुई। गणेश मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित चंदूराम शर्मा ने बताया कि अखंड रामचरित्र मानस व भजन संध्या का आयोजन किया गया। रामचरित मानस पाठ का भोग शनिवार को सुबह 10.15 बजे डाला गया। दोपहर 12 बजे सर्वप्रथम गणेश पूजन, 151 दीपकों से महाआरती एवं सवामणि के महाप्रसाद का भोग लगाया गया। एक बजे भगवान गणेश की मूर्ति स्थापना की गई। उन्होंने बताया कि 17 सितम्बर तक प्रतिदिन प्रातः गणेश पूजन व शाम को 5 से 7 बजे तक महिला मंडली की ओर से बाबा का गुणगान किया जायेगा। प्रतिदिन शाम 7 बजे महाआरती भी होगी। भगवान गणेश महोत्सव के सफल आयोजन में आमजन व श्रद्धालु सहयोग कर रहे हैं। हनुमानगढ़ में श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय में गणेश चतुर्थी के मौके पर शनिवार को भगवान गणपति की मूर्ति स्थापना की गई। सुबह 11.15 बजे पंडित रतनलाल शास्त्री की ओर से विधिवत पूजा-अर्चना करवाकर मूर्ति स्थापित करवाई गई। इस मौके पर मुख्य यजमान गुरू गोबिंद सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष बाबूलाल जुनेजा व एसकेडी के मैनेजिंग डायरेक्टर दिनेश जुनेजा सपत्नीक मौजूद थे। अध्यक्ष बाबूलाल जुनेजा ने बताया कि गणेश महोत्सव की शुरूआत आजादी आंदोलन के समय लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की ओर से प्रथम बार की गई थी। उसके बाद से ही महाराष्ट्र सहित पूरे देश भर में भगवान गणेश के प्रति आस्था व उत्साह बढ़ता गया। जंक्शन के वार्ड 12, भट्टा कॉलोनी स्थित सिंदूरी बालाजी मंदिर में गणेश चतुर्थी के मौके पर शनिवार को आठवें गणेश महोत्सव का आगाज हुआ। मोहल्ले की सुख-शांति व समृद्धि के लिए मनाए जा रहे गणेश महोत्सव के तहत मिट्टी की गणेश मूर्ति स्थापित कर मंदिर पुजारी बलवंत शर्मा की ओर से विधि-विधान से पूजा-अर्चना करवाई गई। गणपति का पूजन बच्चों व महिलाओं से करवाया गया।

नगर निगम, परिषद व पालिकाओं के चुनावों पर संशय!

- नवम्बर में खत्म हो रहा है बीकानेर समेत 3 नगर निगमों समेत 46 नगर परिषद व पालिकाओं का कार्यकाल

बीकानेर, (कासं)। साल 2019 से 2021 तक नगर निगम और निकायों के चुनाव हुए थे। इस साल चरणबद्ध कार्यकाल खत्म होने का समय आ गया। नवम्बर में बीकानेर, नगर निगम समेत 46 नगर परिषदों और नगर पालिकाओं का कार्यकाल खत्म होने वाला है। सरकार चुनाव के मूड में नहीं लग रही। इसलिए बीकानेर नगर निगम में लगाये गए आईएएस से कयास लगाए जा रहे कि सरकार यहां प्रशासक लगायेगी।

दरअसल 2019 से 2021 तक लगातार निकायों के चुनाव चलते रहे। नवम्बर 2019 में बीकानेर, भरतपुर और उदयपुर नगर निगमों के साथ करीब 46 और नगर परिषद, नगर पालिकाओं के चुनाव हुए थे। इसलिए नवम्बर 2019 में जिन निकायों के चुनाव हुए उनका कार्यकाल अब सिर्फ ढाई महीना बचा है। हालांकि निकायों की आचार संहिता एक महीने पहले लागू कर चुनाव होते रहे हैं। इसलिए सरकार अभी भी यहां चुनाव करवा सकती है।

वन-स्टेट-वन इलेक्शन के कांसेप्ट से प्रदेश के लोग हैरान हैं। इधर सरकार कोई रूख स्पष्ट कर नहीं रही। न तो ये निर्णय हो सका कि पंचायत और समस्त निकायों के चुनाव एक साथ होंगे और न ही जिन निकायों का कार्यकाल खत्म हो रहा वहां चुनाव की तैयारी है। पंचायत और निकायों के एक साथ चुनाव में सबसे बड़ी बाधा ईवीएम की है।

सूत्र बताते हैं कि सरकार भले खत्म होने वाले कार्यकाल से पहले चुनाव कराए पर जहां कार्यकाल खत्म हो रहा वहां प्रशासक लगाने की तैयारी जरूर है। बीकानेर नगर निगम में कार्यकाल समाप्त होने से ठीक पहले आईएएस मयंक मनीष को आयुक्त लगाना इसी बात का संकेत है।

नगर निगम समेत करीब 90 नगर परिषद और नगर पालिकाओं के चुनाव हुए थे। इसी सूची में बीकानेर की श्रीडूंगरगढ़, नोखा, देशनोक नगर पालिका का चुनाव हुआ था। इस साल इन तीनों के साथ खाजूवाला नगर पालिका का भी चुनाव होगा। अगर समय पर लूणकरनसर और नापासर नगर पालिका के गठन की प्रक्रिया हो गई तो यहां भी चुनाव संभव हैं।

नई पेंशन स्कीम यू.पी.एस. का विरोध

नोखा, (कासं)। केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तावित यूनिफाइड पेंशन स्कीम यूपीएस का विरोध करते हुए चरकड़ा, माडिया, जैसलसर आदि गांवों की विभिन्न स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों ने काली पट्टी बांध कर काम किया।

एनएमओपीएस के नोखा ब्लॉक संयोजक मोहम्मद हारून कुरैशी ने बताया कि गत दिनों केंद्रीय केबिनेट की ओर से यूपीएस के अप्रूवल के बाद राजस्थान का कर्मचारी वर्ग भी आशंकित हो गया है और राज्य सरकार से पुरानी पेंशन योजना में किसी तरह की छेड़छाड़ ना करने का भरोसा चाहता है। पांचू ब्लॉक संयोजक कानाराम मांझू ने बताया कि आंदोलन की अगली कड़ी के रूप में कर्मचारी अपने कार्यकाल में 9 सितम्बर को यूपीएस नोट की प्रतियां जलाकर विरोध करेंगे। 11 सितम्बर को पेंशन स्वाभिमान मार्च निकाल कर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेगे।

चोरी के मामले में दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार

- एक को पहले ही जेल भेज चुकी पुलिस
- घर से सोने-चांदी के जेवर और नकदी की थी चोरी

हनुमानगढ़,(कासं)। रावतसर थाना पुलिस ने दिनदहाड़े घर में घुसकर चोरी करने की वारदात को अंजाम देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस प्रकरण में यह दूसरी गिरफ्तारी है। इससे पहले पुलिस एक आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवा चुकी है।

रावतसर पुलिस थाना प्रभारी वेदपाल शिवराण ने बताया कि रमेश कुमार पुत्र रामकुमार कड़वासरा निवासी वार्ड 33, बिश्नोई बास, रावतसर ने मामला दर्ज कराया। रिपोर्ट में बताया कि 21 अप्रैल को दिन के समय अज्ञात व्यक्तियों ने उसके घर में घुस कर ताला तोड़ कर सोने के जेवरात व नकदी चोरी कर ली।

रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। इस घटनाक्रम के संबंध, थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने और चोरी करने वाली गैंग की धरपकड़ के लिए एसपी विकास सांगवान के निर्देशन में थाना स्तर पर टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी व मानवीय साक्ष्य संकलन कर पूर्व में एक आरोपी गोविन्दराम पुत्र सेठीराम ओड निवासी वार्ड 10, मौलबीबास डबलीराठान पीएस सदर हनुमानगढ़ को डिटेन कर अनुंसधान के बाद गिरफ्तार किया। घटना में शामिल दूसरे आरोपी शिशपाल पुत्र भंवरलाल बावरी निवासी चक 11 एसटीजी, डबलीबास कुतुब, पीएस सदर हनुमानगढ़ को डिटेन कर अनुसंधान के बाद गिरफ्तार किया।

जयंती पर प्रो. केदार को याद किया

- केदार चौक पर सुबह शहर के लोगों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

श्रीगंगानगर, (कासं)। प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री प्रोफेसर केदारनाथ शर्मा की जयंती पर उन्हें याद किया गया। रेलवे स्टेशन के पास स्थित केदार चौक पर सुबह शहर के लोगों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

प्रो. केदार के कार्यकाल में शहर में हुए विकास कार्यों को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रो. केदार को हमेशा श्रीगंगानगर और यहां के लोगों की चिंता रहती थी। प्रो. केदार हमेशा शहर हित की सोच रखते थे। शहर के आम आदमी की पीड़ा वे समझते थे। प्रो. केदार की जानकारी में आते ही वे आमजन की पीड़ा का समाधान करने के लिए खुद निकल पड़ते थे।

इस मौके पर हुए कार्यक्रम में शहर के लोगों ने केदार चौक पर पुष्पांजलि अर्पित की। रिटायर्ड प्रिंसिपल मनीराम सेतिया ने कहा कि प्रो. केदार के मन में हमेशा श्रीगंगानगर का विचार रहता था। वे हमेशा यही सोचते थे कि श्रीगंगानगर के लोगों का ज्यादा से ज्यादा भला कैसे हो। आयोजन में प्रो. केदार के पौत्र नीरज शर्मा, विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष मदन जोशी, व्यापार मंडल के नरेश सेतिया, नरेश कपूरिया, विकास शाही शामिल थे।

ई.सी.बी. के प्राचार्य डॉ. जाखड़ सम्मानित

बीकानेर, (कासं)। ईसीबी कॉलेज बीकानेर के प्राचार्य डॉ ओमप्रकाश जाखड़ को लायंस क्लब ने उनके अभूतपूर्व शैक्षणिक योगदान व सृजनात्मक प्रशासनिक व अकादमिक श्रेष्ठता हेतु शॉल पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

25 वर्षों से अधिक का रिसर्च व शैक्षनिक अनुभव प्राप्त डॉ. जाखड़ के कई शोध पत्र अंतर्राष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके हैं। पूर्व में डॉ. जाखड़ बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय बीकानेर के डीन रिसर्च, मैकेनिकल विभाग के विभागाध्यक्ष, भरतपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के उप प्राचार्य, राज्य स्तरीय कई समितियों के संयोजक व समन्वयक जैसे दायित्वों का कार्यभार भी संभाल चुके हैं।

पंजाब के बाइक चोर गिरफ्तार, गंगानगर से पांच बाइक चुराई

- रिमांड अवधि में चोरों ने श्रीगंगानगर से पांच बाइक चुराने की बात कबूली

श्रीगंगानगर, (कासं)। शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी पंजाब के रहने वाले हैं। पुलिस रिमांड अवधि में इन लोगों ने श्रीगंगानगर शहर में पांच मोटरसाइकिल चुराने की बात कबूली है।

पुलिस इनसे चोरी की और वारदातों का भी पता लगा रही है। मामले की जांच बस अड्डा चौकी इंचार्ज स्वर्ण सिंह कर रहे हैं। श्रीबिजयनगर की राजीव कॉलोनी के रहने वाले प्रकाश शर्मा पुत्र बद्रीराम शर्मा ने इस संबंध में मामला दर्ज करवाया था। इसमें कहा गया था कि वह शहर में नेहरू पार्क के पास स्थित जेबी क्लासेज में पढ़ाता है। उसने अपना मोटरसाइकिल कोचिंग इंस्टीट्यूट के सामने रखा था। करीब दो घंटे बाद देखा तो मोटरसाइकिल गायब मिला। मामले की जांच के लिए बस स्टैंड चौकी इंचार्ज स्वर्ण सिंह की देखरेख में टीम गठित की गई।

टीम ने मोटरसाइकिल चोरी के मामलों में लिप्त रहे चोरों पर नजर रखी। वारदात में पंजाब के युवकों के शामिल होने की आशंका पर पंजाब के फाजिल्का जिले के सदर थाना क्षेत्र गांव लखों के उताड़ के रहने वाले गगनदीप सिंह पुत्र मुख्त्यार सिंह और कुलविंद्र सिंह पुत्र सुरजीत सिंह की एक्टिविटी पर नजर रखी गई। इनकी मोबाइल लॉकेशन ट्रेस की तो आरोपी के वारदात में शामिल होने का शक पुख्ता हुआ। इस पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जांच अधिकारी बस स्टैंड चौकी इंचार्ज स्वर्ण सिंह ने बताया कि आरोपियों ने अब तक श्रीगंगानगर में पांच मोटरसाइकिल चुराने की बात स्वीकार की है। ये बाइक उन्होंने शहर के अलग-अलग हिस्सों से चुराई। आरोपियों से चोरी की कुछ और वारदातों के खुलने की संभावना है।

सचिन पायलट के जन्मदिन पर गौशाला में गायों को हरा चारा, गुड़, लापसी खिलाई

- बीकानेर में कांग्रेसजनों ने सचिन पायलट के 47 वें जन्मदिवस पर गौ सेवा की

बीकानेर, (कासं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राजस्थान के पूर्व उप-मुख्यमंत्री सचिन पायलट के 47 वें जन्मदिवस पर शनिवार को प्रातः 8:15 बजे से गंगा गोल्डन जुबली गौशाला डूडी पेट्रोल पम्प के पास, गजनेर रोड बीकानेर में देहात कांग्रेसजनों ने 60 क्विंटल हरा चारा, 121 किलो गुड़, लापसी आदि गौवंश की सेवा में अर्पित कर मनाया।

कार्यक्रम संयोजक मार्शल प्रहलाद सिंह ने बताया कि सामग्री व चारा खिलाने से पहले सत्संग व भजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सचिन पायलट के दीर्घायु होने व स्वस्थ जीवन की प्रार्थना की गई। कार्यक्रम समापन पर लड्डू का प्रसाद वितरण किया गया। जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में भी गौशालाओं में गौमाता को हरा चारा व गुड़ खिलाकर पायलट का जन्मदिन मनाया। मार्शल ने बताया कि इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रत्याशी मदनगोपाल मेघवाल, पूर्व जिला प्रमुख सुशीला सींवर, भूमि विकास बैंक के चेयरमैन रामनिवास गोदारा, तेजा गार्डन के राजेश भादू, एडवोकेट श्रीकिशन सींवर, देहात कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष कौशल दुग्गड़, पूर्व पार्षद गजानन्द शर्मा, पीसीसी सचिव शिवलाल गोदारा, गजेंद्र सांखला, देहात कांग्रेस उपाध्यक्ष सत्तू खां, अम्बाराम इनखिया, देहात सोशल मीडिया अध्यक्ष मांगीलाल खीचड़, बृजलाल लेघा, करणी सिंह राजपुरोहित, मूलचंद गुर्जर, पप्पू गुर्जर, राजेंद्र भादू, गोविंदराम भादू, आनंद सियाग, भंवर कूंकणा, भगवानराम ज्याणी, रामनिवास, रूपाराम गोदारा, हंसराज बिश्नोई, रामानंद, रामकुमार, रामकिशन गोदारा, सोनू मेघवाल, मनीराम बिश्नोई, मनोज चौधरी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुनराम कूंकणा, सुरेंद्र सिंह राठौड़ आदि मौजूद थे।

बीकानेर में गंगा गोल्डन जुबली गौशाला में गायों को हरा चारा, गुड़, लापसी खिलाकर कांग्रेसजनों ने सचिन पायलट का जन्मदिन मनाया।

सरकारी योजनाओं की जानकारी दी

अनूपगढ़, (कासं)। मुख्य बाजार में भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। कार्यकर्ताओं ने स्टॉल लगाकर लोगों को जागरूक किया। साथ ही पार्टी के नए सदस्यों को भी जोड़ा।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त अध्यक्ष सन्नी धायल के नेतृत्व में स्टॉल लगाई गई। सन्नी धायल ने स्टॉल लगाकर सदस्यता अभियान के तहत 68 नए सदस्य बनाए। उन्होंने बताया कि आज मुख्य बाजार के गीता चौक पर स्टॉल लगाकर आमजन को केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई है।

भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने बताया कि भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा अनूपगढ़ के सभी वार्डों में भाजपा के सदस्यता अभियान को व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है।

होमी भाभा सेन्टर फॉर साइन्स एजूकेशन

टाटा इन्सटीट्यूट ऑफ फंडामेन्टल रिसर्च

खगोल विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायान विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जूनियर साइन्स में

राष्ट्रीय ओलम्पिएड कार्यक्रम 2024-2025

इस कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक सभी विद्यार्थी, इण्डियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर्स (आईएपीटी) द्वारा 23 तथा 24 नवम्बर, 2024 को आयोजित संबंधित नेशनल स्टैण्डर्ड एक्जामिनेशन (एनएसईस) (विज्ञान विषयों के लिये) में अवश्य भाग लें।

एनएसई में योग्यता 2025 के संबंधित र्राष्ट्रीय ओलम्पिएड में भाग लेने के लिये पहला कदम है।

नामांकन के लिये-

एनएसई- https://www.iapt.org.in (21 अगस्त से 14 सितम्बर, 2024)

और विवरण के लिये- https://olympiads.hbcse.tifr.res.in

https://www.iapt.org.in

CBC 48143/12/0011/2425